भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †218

सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन केन्द्र के लिए सहयोगात्मक समिति

†218. श्री मड्डीला गुरुमूर्ति:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वृहत अंतरराष्ट्रीय पर्यटन संभावनाओं के कारण तिरुपति को वैश्विक पर्यटन हब के रूप में विकसित करने के लिए आईआईएम बंगलौर जैसे मुख्य हितधारकों और सरकारी मंत्रालयों/विभागों के साथ मिलकर सहयोगात्मक समिति बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय की ऐसी कोई समिति नहीं है। हालांकि, स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद योजनाओं के दिशा-निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय संचालन समिति, केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति (सीएसएमसी) और मिशन निदेशालय (एमडी) के गठन का प्रावधान है, जिनमें विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और हितधारकों से सहयोगपूर्ण सूचनाएं प्राप्त की जाती हैं। इसके अलावा, मंत्रालय तिरुपति सहित भारत को समग्र रूप से बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

वर्तमान में, गंतव्य तिरुपति में एसडी 2.0 या प्रसाद के तहत स्वीकृत कोई परियोजना नहीं है।

*****